तापमान

अधिकतम 15 .6 डिग्री
न्यूनतम 3 .9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

12 'श्रीराम यात्रा' से राममय हुई छावनी की धरा



12 गुरु पर्व के उपलक्ष्य में निकाला नगर कीर्तन



## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजलि समारोह आज

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्घाजंलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**पानीपत।** पानीपत में विवाहिता 23 वर्षीय फौजिया पत्नी महताब अंसारी मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी शिव नगर में घर की करीब तीस फुट उंची तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में फौजिया की मौत हो गई। पति महताब ने बताया कि फौजिया गली में खेल रहे बच्चे को आवाज लगाने के लिए बालकनी से झुकी, इस दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर गई।

### हादसे में घायल वकील की मौत

**पानीपत।** पानीपत बार एसोसिएशन के सीनियर वकील 50 वर्षीय राजेश कुमार निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजेश दो जनवरी को बाइक पर सवार होकर जा रहा था, गांव भंडारी के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने राजेश को उपचार के लिए दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की जान गई

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी के पास कार ने संजय कुमार निवासी गांव मांडी जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौत हो गई। थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया ।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौडा में एनएसएस के शिविर के तीसरे दिन मतलौडा पुलिस थाने से ट्रैफिक हवलदार सतबीर सिंह, हवलदार अनिल कुमार कांस्टेबल, प्रवीण व मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात नियम की पालन करने तथा साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया।

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा-खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल





**करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए व हॉकी खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाडिय़ों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई और कहा कि इस स्टेडियम में बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।

- हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही, अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही : मनोहर लाल

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें।

इस मौके पर उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा।

उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है।

खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर उंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। स्कोर बोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं। प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। इन तीन कमरों में से एक कमरा मेडिकल स्टाफ के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा एक कॉमन लॉबी भी बनाई गई है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, भाजपा नेता सतीश पोसवाल, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, केएससीएल के जीएम रामफल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर चौक पर सीएम ने लगाई ब्रेक, दुकान पर चाय पी, राहगीरों से खुलकर बात की

**अंबाला।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के काफिले ने रविवार को अचानक करनाल से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौक पर ब्रेक लगा दी। मुख्यमंत्री यहां अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके। यहां खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। अचानक से अपने बीच सीएम की मौजूदगी से लोग बेहद खुश हुए। यहां मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे उनकी समस्याएं जानी बल्कि उन्हें मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि इस रोड़ पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां खड़े युवाओं ने लोगों के बीच बिना किसी सुरक्षा घेरे के सीएम को देखकर उनकी फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। युवाओं का कहना था कि सुरक्षा की दृष्टिगत सीएम का सुरक्षा घेरा काफी मजबूत होता है। वहां तक बिना स्वीकृति के नहीं पहुंच जा सकता है। मगर सीएम मनोहर लाल आम लोगों की तरह लोगों से मिलते रहे। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भूला नहीं पाएंगे।

- चौक पर हादसे रोकने के लिए लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी, जल्द समस्या के समाधान का मिला आश्वासन



मुख्यमंत्री मनोहर लाल रेलवे स्टेशन के बाहर बेसहारा लोगों का जायजा लेते हुए।

## सीएम की दरियादिली: जरुरतमंदों को सिक्योरिटी की गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया।

- रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, रैन बसेरा में शिफ्ट किए गए लोगों के खाने के लिए अपने कोष से दिए ढाई लाख रुपये

इस दौरान मुख्यमंत्री वहीं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ लोग खुले में रात बिताते हैं। ऐसे में मैंने स्वयं यहां आकर इसका जायजा लिया। यहां काफी संख्या में लोग बाहर बैठे थे। ऐसे में इन्हें तत्काल रैन बसेरा पहुंचाया गया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मूंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन



लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए ढाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है। दिन में ये लोग अपने-अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इन लोगों को राम नगर के रैन बसेरा में शफ्टि किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सिक्योरिटी की गाड़ी लगी रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम कमश्निर अभिषेक मीणा, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धर्मनगरी से अयोध्या की ओर संतों का कूच आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संतों का अयोध्या जी में जाने का कूच आज धर्मनगरी से आरंभ हो गया। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से आज गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी मैत्रीनन्द ने अयोध्या जी की ओर प्रस्थान किया। ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर से आज उन्होंने अपनी यात्रा अपने आश्रम के भक्तों व अनुयायियों के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर न्यू कॉलोनी में पहुंचकर वहां भगवान श्री राम के दरबार में भगवान श्रीराम को नतमस्तक होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की और कूच किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि साध्वी



अयोध्या की ओर कूच करते श्रद्धालु।

मैत्रीनन्द ने अपनी यात्रा आज से आरंभ कर दी है। 21 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएंगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुरेश जोशी, राकेश मेहता के इलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म मंदिर के कई सदस्य व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर के कई भक्तजन उपस्थित थे।

### बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 25 सौ रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी को यमुनानगर किसी काम से आया था। दोपहर साढ़े 12 बजे वह जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ने लगा। इस दौरान उसकी जेब से अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चोरी कर लिया।

पर्स में ढाई हजार रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पानीपत सिविल अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

## सीसीबी की 50 बेड की होगी क्षमता, 20 करोड़ की लागत आएगी, लैब भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सिविल अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत तकरीबन 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) बनाया जाएगा, साथ ही अस्पताल में जिला इंटीग्रेटिडिड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी भी बनाई जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की ओर से भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्रिटिकल केयर ब्लाक रनिंग में आने से ट्रामा सेंटर का अभाव नहीं रहेगा, इसके बनने से गंभीर रूप से घायल लोगों व गंभीर रोगों से पीडित रोगियों का उपचार सीसीबी में ही हो सकेगा और ऐसे रोगियों व घायलों को पीजीआई खानपुर या फिर रोहतक रेफर करने के केसों में कमी आएगी। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जिला नागरिक अस्पताल और फील्ड में बढ़ने वाली सुविधाओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। लंबित प्रस्तावों के रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। जर्जर इमारतों की कंडम रिपोर्ट तैयार कराकर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी), लेबोरेट्री, वैक्सीन स्टोर, चिकित्सकों के आवास पर पूरी तरह से फोकस कर रखा है।

### लैब में हो सकेंगे 50 प्रकार के टेस्ट

सिविल सर्जन डा. जयंत आहूजा ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनना है। इसके लिए करीब 3500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें कोरोना पाजिटिव, हार्ट-ब्रेन अटैक, फेफड़ों संबंधी रोगी, आग व करंट से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसके साथ डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी तैयार होगी। लेबोरेटरी में 50 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। लैब मेडिकल कालेज की तर्ज पर बनेगी।

### जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा

एमएस डॉ आहहूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यालय वाली बिल्डिंग को भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कंडम घोषित कराया जाएगा। मलबे की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराएंगे। यहां जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा। अभी तक सिविल अस्पताल में वैक्सीन स्टोर है लेकिन ड्राइंग में वह रसोई का स्थान है।

### अस्पताल में बनेंगे 55 आवास

एमएस डॉ आहूजा ने बताया कि स्टाफ क्वाटर्स जर्जर अवस्था में हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए फ्लैटनुमा 55 आवास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रिमाइंडर भी भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद आवासों के लिए जगह चिन्हित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत का दायरा आगामी वर्षों में बहुत विस्तृत होना है। उसी के हिसाब से सरकार को फैसिलिटी भी बढ़ानी होंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला के सभी पांच ब्लाक में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक (सीसीबी) बनेंगे। सीधा अर्थ, चिकित्सा-व्यवस्था की दशा बहुत सुधरने वाली है।

## दिन में मिली राहत

### बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने घरों से बाहर निकल कर लिया धूप का आनंद

# घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकंपी, दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन होने से लोग हुए खुश

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से रविवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। रविवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धूंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर डेढ़ बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।





यमुनानगर में सुबह के वक्त छाया हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

रविवार सुबह पिछले एक पखवाड़े की तरह जिले में घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 10 बजे के करीब घना कोहरा तो छंट गया। मगर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी। जिसकी वजह से बच्चे, बुर्जुग, महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए थे। वहीं मॉडल टाउन निवासी रविश ने बताया कि धूप निकलने के बाद वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पार्क में पहुंचे हैं। उनका कहना था कि पार्क में धूप का आनंद लेने पहुंचे लोगों की भीड़ से उन्हें पार्क में घूमना काफी अच्छा लगा है।

### तापमान में नहीं हुई खास बढ़ोतरी

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान में दो सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से जिले का तापमान अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने की कड़ी में नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र के नाम ज्ञापन सांसद की गैरमौजूदगी में सांसद महोदय के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुभाष गुस्सर जिला प्रधान ने किया व संचालन जय प्रकाश राज्य कमेटी मेंबर ने किया। सुभाष गुस्सर ने बताया कि। 15 जनवरी से नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ईकाई की तरफ से नगर पालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों के बकाया एरियर व एलटीसी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और एरियर व एलटीसी के भुगतान होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में मनजीत भुल्लर ब्लाक प्रधान लाडवा, ललीत कुमार, विक्रम सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार,जोनी,राज कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

- मांगों को लेकर 15 जनवरी से हड़ताल शुरू की जाएगी



**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये है कर्मचारियों की मांगें

मांगें राम तिगरा राज्य महासचिव नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरूग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, सस्पेंशन,ट्रमिनेशन, चार्ज शीट, ज्ञापन पत्र, हड़ताल अवधि का वेतन देने तथा झूठे मुकदमों व अन्य उत्पीड़न की कार्यवाही को रद्द करने,फायर के 1327 व 212 फायरमैनों व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा 2063 फायर आपरेटर की भर्ती को रद्द करने, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने,फायर कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में किये गए भेदभाव को समाप्त कर पुलिस विभाग की तर्ज पर वर्दी भत्ता देने, दैनिक वेतन भोगी,पार्ट -2,पार्ट टाइम, डीसी रेट पर लगे सभी सफाई, सीवर कर्मियों, ग्रुप सी व डी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समझौते को लागू करने,सीवर सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर रोक लगाने व मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा व पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### सत्ता में बदलाव चाहती है प्रदेश की जनता : गुप्ता

**करनाल।** रविवार को कांग्रेस की महत्वपूर्ण मीटिंग दयालपुरा गेट में हुई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के कांग्रेस नेताओं कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला व किरण चौधरी की अगुवाई में निकाली जाने वाली कांग्रेस जनसंदेश यात्रा 24 और 25 जनवरी को करनाल लोकसभा क्षेत्र में पहुंचेगी। 25 जनवरी को पंजाबी धर्मशाला सेक्टर नौ में यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

### भाजपा सरकार ने बदले नाम, नहीं किए काम

**करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मुगल कैनाल का नाम बदल कर कर्ण कैनाल रखे जाने के प्रस्ताव की करनाल कांग्रेस ने कड़े शब्दों में निंदा की है। कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह व जिला प्रवक्ता ललित अरोड़ा ने संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा सरकार नाम बदलने में विश्वास रखती है, काम करने में सरकार ने कभी दिलचस्पी नहीं दिखाई। 10 सालों में मुगल कैनाल के हालात मनोहर सरकार सुधार नहीं सकी। अब नाम बदलने का प्रस्ताव सीएम ने रख दिया ताकि लोग उनकी नाकामी को भूल जाएं।

### क्षेत्रवासियों के स्वस्थ जीवन के लिए किया हवन

**लाडवा।** मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में हवन का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति के विशेष दिन पर सूर्य देव की पूजा होती है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी क्षेत्रवासी स्वस्थ व समृद्ध रहें। इसमें कंसल्टेंट्स, नसिंर्ग ऑफिसर्स, फामेर्सी ऑफिसर,कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर, एमपीएचडब्ल्यू तथा अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

### लोहड़ी का पर्व सूर्यदेव और अग्नि को समर्पित

**थानेसर।** राजेन्द्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम नंगली वाली कुटिया में रात्रि को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। संत प्रकाश पुरी जी महाराज ने कहा कि लोहड़ी शब्द में ल का मतलब लकड़ी, ओह से गोहा यानी जलते हुए सूखे उपले और ड़ी का मतलब रेवड़ी से होता है, इसलिए इस पर्व को लोहड़ी कहा जाता है। लोहड़ी के बाद मौसम में परिवर्तन होना शुरू हो जाता है।

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन

**थानेसर।** लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर चल रही सेक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन फार्म में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक पंडित पवन भारद्वाज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया।

### गांव मटक माजरी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही सरकार : कश्यप

- जनता से सीधा संवाद कर किया जा रहा समस्याओं का समाधान

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ इंद्री**

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में सजगता के साथ आगे बढ़ रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने हमेशा किसान, मजदूर, महिलाओं, युवाओं व गरीब वर्ग का ध्यान रखा है। विधायक इंद्री के गांव मटक माजरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है और हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है, जिससे लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण किया जा सकें।



इंद्री। गांव मटक माजरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत राजमिस्त्री, नाई, माली, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, जूता बनाने वाले कारीगर,नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाला, गुडिया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता आदि व्यवसाय करने वाले व्यक्ति को 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण से जुड़े उपकरणों को खरीदने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 15000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। इसके उपरांत अपना व्यवसाय चलाने वाले व्यक्ति को सरकारी की ओर से पहले चरण पहले चरण में एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जिन परिवारों की वार्षिक आमदनी एक लाख 20 हजार रुपये व प्रदेश सरकार की ओर से एक लाख 80 हजार रुपये है, उन सभी परिवारों के गरीबी रेखा से नीचे कार्ड बनाए गए हैं और सरकार की ओर से ऐसे परिवारों के प्रति व्यक्ति को 5 किलोग्राम अनाज मुफ्त दिया जा रहा है। इससे केन्द्र सरकार के तहत देश में 80 करोड़ तथा हरियाणा प्रदेश में 27 लाख लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उज्जवला योजना के तहत देश में 10 करोड़ गैस कनेक्शन गरीब परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क प्रदान किए जा चुके हैं। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। उन्होंने कार्यक्रम में सभी विभागों के लगे स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. किरण, एसइपीओ बलकार सिंह, मटक माजरी की सरपंच मीनू, सुरेश पाल, डॉ. विजय कांबोज, डॉ. अरविन्द कुमार, ब्रह्मजीत व सुभाष खेड़ा आदि उपस्थित रहें।

## सीएम ने ओम भारद्वाज के निधन पर जताया शोक



- शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को समाजसेवी ओम भारद्वाज के निधन पर सेक्टर-13 स्थित उनके निवास स्थान पहुंचकर शोक प्रकट किया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वर्गीय ओम भारद्वाज के सुपुत्र अनूप भारद्वाज, अवनीश भारद्वाज व दामाद अर्शदीप मल्होत्रा को संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ओम भारद्वाज के निधन से शहर व समाज को अपूरणीय क्षति हुई है जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि स्व. ओम भारद्वाज धार्मिक और सामाजिक कार्यो से सदैव जुड़े रहते थे और जनसेवा उनकी प्राथमिकता थी। वे सादा जीवन जीते थे और उनका व्यक्तत्वि समाज के लिए प्रेरणादायी है।

बता दें कि स्व. ओम भारद्वाज का गत 27 दिसम्बर को स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर घरौंडा के विधायक हरवन्द्रि कल्याण, मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला तथा प्रशासन की ओर से जिला उपायुक्त अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, एसडीएम अनुभव मेहता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी झूठी : इंद्रजीत

- 25 जनवरी को नीलोखेड़ी अनाजमंडी में पहुँचने की अपील

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल**



प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोराया ने कहा है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिस गारंटी का इतने जोर शोर से प्रचार किया जा रहा है वह पहले ही पूरी तरह झूठी साबित हो चुकी है । प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार द्वारा सत्ता में आने पर स्वामीनाथन रिपोर्ट लागु करने की गारंटी दी गईं थी जिसे अब भाजपा द्वारा भुला दिया गया है । किसानों की आय दोगुनी करने तथा सालाना दो करोड़ रोजगार देने की भी गारंटी दी गई थी । गोराया ने कहा की किसान आज अपनी मांगो के लिए सड़कों पर धक्के खाने को मजबूर है । उन्होंने कहा की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी के चलते युवा बड़ी संख्या में विदेशों को पलायन कर रहा है । इंद्रजीत सिंह गोराया आज क्षेत्र के गांव माजरा रोड़ान, कोयर, सीतामाई, बड़ालवा, कारसा तथा रायसन में कांग्रेस सन्देश यात्रा का न्योता देने पहुचे थे ।

उन्होंने कहा की कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं बहन कुमारी सैलजा, किरण चौधरी, रणदीप सिंह सुरजेवाला की नेतृत्व में 17 जनवरी से हिसार से कांग्रेस सन्देश यात्रा शुरू हो रही है यह यात्रा 25 जनवरी को हलके में सीकरी से शुरू होकर नीलोखेड़ी, तरावड़ी होते हुए निसिंग में पहुंचेगी । गोराया ने कहा की इस दौरान 11 अलग अलग स्थानों पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा । उन्होंने बताया की नीलोखेड़ी में भी यात्रा का स्वागत कार्यक्रम है तथा नीलोखेड़ी अनाजमंडी एक जनसभा भी आयोजित की जाएगी । उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में 25 जनवरी को नीलोखेड़ी अनाजमंडी में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर दलवीर बाल्मीकि, राजेश पधाना सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे ।

## सरपंच एसोसिएशन नीलोखेड़ी के प्रधान बने लाडी

- सरंपचों को विकास कार्यों में दिक्कत नहीं आने दी जाएगी

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ तरावड़ी**

सरंपचों और प्रतिनिधियों की एक बैठक का आयोजन तरावड़ी जी.टी. रोड के पास एक निजी होटल में किया गया। बैठक में हल्के के अधिकतर 67 गांवों के सरंपचों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान बनाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद गांव रायसन के सरपंच संदीप राणा ने सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान के लिए गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी का नाम रखा, जिसके बाद सभी सरपंचों ने सहमति जताते हुए सर्वसम्मति से गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी को सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी। इस दौरान सभी सरंपचों ने भूपेंद्र सिंह लाडी का फूल-मालाओं से स्वागत किया।



तरावड़ी। सरपंच एसोसिएशन के नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान बनने पर भूपेंद्र सिंह लाडी का स्वागत करते सरपंच।

बैठक में संबोधित करते हुए गांव सिद्धपुर के सरपंच मुकेश भारती एवं रायसन के सरपंच संदीप राणा ने कहा कि भूपेंद्र सिंह लाडी राजनीति में अहम पैठ रखते हैं, यही नही कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या हो, उसे विस्तारपूर्वक उठाकर उस समस्या का प्राथमिकता के साथ निदान भी करवाते हैं। उन्होंने कहा कि सरपंच एसोसिएशन हरियाणा ओर ओर ज्यादा मजबूत करने एवं सरपंचों के हकों और आवाज को बुलंद करने के लिए भूपेंद्र सिंह लाडी अहम योगदान दे रहे हैं। ऐसे में उन्हें नीलोखेड़ी ब्लाक एसोसिएशन के प्रधान पद की जिम्मेवारी दी गई। सभी सरपंचों और प्रतिनिधियों का आभार जताते हुए सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान चुने गए भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह उस पर खरा उतरेंगे। सरपंचों की प्रत्येक समस्याओं का जड़ से खात्मा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह सरंपचों समेत ग्राम पंचायतों के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहे।

सरंपचों को विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की दिक्कत नही आने दी जाऐगी। प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि यदि विकास के मामले में किसी भी ग्राम पंचायत को कोई परेशानी आती है तो सभी सरपंचों को साथ लेकर समस्या का निपटारा किया जाऐगा।

बैठक में मुख्य रूप से अंजनथली के सरपंच विपिन कुमार, डाबरथला के सरपंच जसविंद्र कुमार, सीकरी के सरपंच सतबीर, भैणी खुर्द के सरपंच नरेश कुमार, रायसन के सरपंच संदीप राणा, सिद्धपुर के सरपंच मुकेश भारती समेत कई सरपंच मौजूद रहे।

## वंशिका शर्मा ने अखिल भारतीय साइकलिंग में जीता कांस्य पदक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र की वंशिका शर्मा ने अखिल भारतीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंशिका शर्मा ने यह पदक कर्नाटक के विजयपुर में हुए राष्ट्रीय साइकलिंग खेलों में जीता है। जानकारी देते हुए जय किशन शर्मा ने बताया कि सीनियर मॉडल स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली उनकी बेटी वंशिका शर्मा 3 दिवसीय अखिल भारतीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कर्नाटक गई थी जिसमें उसने टाइम ट्रायल साइकिलिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि वंशिका ने



वंशिका शर्मा

कोच पंजाब सिंह से साइकिलिंग का प्रशिक्षण लिया था। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले में केवल वंशिका ने ही यह उपलब्धि हासिल की है जबकि हरियाणा में झज्जर की भूमिका ने सिल्वर मेडल एवं यमुनानगर की कृष्ण ने भी कांस्य पदक जीता है। वंशिका शर्मा की इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय सारस्वत ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शर्मा गोल्डी एवं जिला अध्यक्ष विपिन शर्मा ने भी वंशिका के पिता जय किशन शर्मा को बधाई दी।

## देसराज ने जीता सोने का सिक्का

करनाल। कुंजपुरा रोड पर ओपीएस ओम प्रकाश सर्राफ एंड संस के तरुण बंसल द्वारा हर घर सोना स्कीम के तहत रविवार 14 जनवरी को कुरुक्षेत्र से देशराज का आज 10 ग्राम सोने का सिक्का निकला। सुमन रानी बंसल, तरुण बंसल एवं ईशा बंसल ने ग्राहक को सोने का सिक्का प्रदान किया।

ओपीएस के एमडी तरुण बंसल ने बताया कि 16 सितंबर से 14 जनवरी तक हर घर सोने की स्कीम के तहत 17 परिवारों को 10 ग्राम सोने का सिक्का दिया जा चुका है। आज 14 जनवरी को ग्रैंड अवार्ड सेरेमनी में शोरूम पर सभी ग्राहकों के लिए सोना निकालो एवं गिफ्ट पाओ गेम खिलाया जिसमें 250 से अधिक लोगो ने अपने परिवारों के साथ मिलकर हिस्सा लिया। जिसमे 25 परिवारों द्वारा सोना निकाला उन सभी को तरुण बंसल की ओर से उपहार दिया गया। चेयरमैन प्रकाश चंद बंसल ने आज लोहरी एवं मकर संक्रांति की सभी करनाल वासियो को बधाई दी। उन्होंने बताया ओम प्रकाश सर्राफ एंड संस के शानदार ज्वेलरी कलेक्शन में बेमिसाल कारीगरी और खूबसूरती का एक अनूठा मेल देखने को मिलता है। नई शोरूम की विस्तार से चर्चा करते हुए ओ पी एस के मैनेजिंग डायरेक्टर तरुण बंसल ने बताया कि नई शोरूम पर काफी अच्छी रेंज में सोने,चांदी व डायमंड के आभूषण उपलब्ध हैं। इस मौके पर अध्यक्ष प्रकाश चंद बंसल, डायरेक्टर सुमन बंसल, जॉइंट डायरेक्टर ईशा बंसल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास से मनाया



करनाल। आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में आर्य समाज प्रेम नगर में लोहड़ी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। भजनोउपदेशक मुकेश शास्त्री ने ऋषि दयानन्द और लोहड़ी के गीत गाए। हवन यज्ञ कर विश्व शांति व परिवारों में सुख समृद्धि की कामना की गई। मुख्य अतिथि के रूप में आर्य केंद्रीय सभा के महामंत्री स्वतंत्र कुकरेजा ने शिरकत की। उन्होंने लोहड़ी पर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली हैं, जो भारत में जन्म लिया। यहां हर ऋतु के साथ त्यौहार जुड़े हुए हैं और उनका विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम अध्यक्ष सतेंद्र मोहन कुमार ने आर्य समाज की गतिविधियों के बारे में बताया। आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आनंद सिंह आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में हो रहे आयोजनों के बारे में बताया। आर्य समाज प्रेम नगर के प्रधान जोगिंदर सोनी ने सबका धन्यवाद किया। मंच संचालन आर्य समाज प्रेम नगर के मंत्री हरेंद्र मोहन चौधरी ने किया। इस अवसर पर आर्य समाज प्रेम नगर के संरक्षक शमशेर शास्त्री, पूर्व प्रधान संजय आर्य, पूर्व प्रधान रेहतु लाल, सतीश आर्य, शेर सिंह, सीमा खुराना व सुनीता डुडेजा आदि मौजूद रहे।

### भारत संकल्प विकसित यात्रा घरौंडा के राजकीय विद्यालय में पहुंची

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले रिटायर्ड शिक्षक सम्मानित

- आम आदमी मजबूत होगा, तभी देश विकसित होगा : विधायक

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ घरौंडा**

विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारियों को शुद्ध आत्मा से लोगों के काम करने चाहिए। अगर लाभार्थी का सही समय पर कार्य हो गया तो सोचो भगवान को खुश कर दिया। उन्होंने कहा कि देश विकसित कब बनेगा,जब समाज मजबूत होगा ओर समाज कब मजबूत होगा जब आम आदमी मजबूत होगा।

रविवार को 80 गावों को कवर करने के बाद मोदी की गारंटी व भारत संकल्प विकसित यात्रा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल व राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में पहुंची। जहाँ पर यात्रा व विधायक हरविंदर कल्याण को



घरौंडा। रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए विधायक हरविंदर कल्याण।

गुलदस्ता व शाल से नगरपालिका सचिव प्रिंस मेंहदीरता, एमई मदनमोहन गर्ग सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। स्कूल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों व शहर के रिटायर कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि और सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचना है ओर लाभार्थियों को उनका लाभ मिले। विधायक कल्याण ने कहा कि प्रदेश में पहले 11 लाख बीपीएल कार्ड थे,. अब सरकार ने बढ़ा कर 30 लाख बीपीएल कार्ड कर दिए है । दूसरी पार्टी के लोग सत्ता हथियाने के लिए कोई भी वायदा कर देते थे, लेकिन सत्ता हाथियाने के बाद अपने लोगों को मजबूत करने का काम किया है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग के साथ -साथ आम लोगों का योगदान जरुरी है । हमारा देश काफी लंबे समय तक गुलाम रहा, लेकिन आज हमारा देश सही दिशा में चल है। देश के प्रदेश में विकास कार्य जोरो से चल रहा है। उन्होंने कहा कि धारा 370 को खत्म किया गया व देश को आगे बढ़ाने के साथ -साथ देश में होने वाले घोटालो समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमारी पुरानी संस्कृति का हिस्सा है। जिसको हम लोग इसको भूल चुके थे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद का प्रचार शुरू किया जिसका आज पूरे देश में प्रचार हो रहा । उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को यात्रा में लगे स्टॉलो से लाभ मिल रहा है। स्वदेशी सामानो को खरीदना चाहिए ओर विदेशी सामान नही खरीदना चाहिए। विधायक कल्याण ने कहा कि आईटीआई के पास स्वयं सहायता समूह के लिए ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। प्रदेश में पहला ट्रेनिंग सेंटर जो साढ़े तीन करोड़ की लागत से एक़ एकड़ में बनेगा। क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि ईमानदार लोगों के हाथ में सत्ता आई ओर आप लोगों ने मुझे भी उसी समय में विधायक बनना कर आशीर्वाद दिया। नगला चौंक पर महिला आईटीआई बनाई जाएगी जहाँ पर बेटियों को अलग अलग कार्यों की ट्रेनिंग जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, पवन जैन,जेई अंकित छोककर, पार्षद अनुज़ गुप्ता, अश्विनी राणा, अमित गुप्ता, सोमनाथ प्रजापति, बलिन्दर सिंहमार, पार्षद प्रतिनिधि कपिल राणा, संजीव पाल सहित शहर के लोग मौजूद रहे।

## जीवन में खुशियां पैदा करती हैं बेटियां

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ घरौंडा**

रविवार को शहर की सामाजिक संस्था निफा के द्वारा लोहड़ी उत्सव का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए अनेक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमे की मुख्य रूप से डांसिंग, पेंटिंग, सिंगिंग जैसे अन्य विधाएं इसमें शामिल थी। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ किया गया। इसके बाद ढोल और डीजे पर उपस्थित अतिथियों ने लोहड़ी का पर्व मनाया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य व गायन प्रतियोगिता में भाग लेकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय त्योहार हमें भाईचारे से रहना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि आशंकाओं, कठिनाइयों एवं शंकाओं के बावजूद भी निरंतर गतिशील एवं धैर्यवान बने रहने का नाम ही जीवन है। उन्होंने बताया की बेटियां हमारे जीवन में त्योहारों की तरह की खुशियां लाने का काम करती है। भारत के लोग हर त्योहार



को खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार विशेष रूप से किसानों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जनवरी महीने को फसल का महीना माना गया है। किसानों के लिए यह दिन एक नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इस मौके पर निफा शाखा अध्यक्ष कमल कांत धीमान ने लोहड़ी पर्व से संबंधित सुंदर मुंदरिए व दुल्ला भट्टी की कथा के माध्यम से इस पर्व का महत्व बताया। उन्होंने बताया की इस प्रकार के आयोजन जहां त्योहारों के महत्व को संजोए रखते हैं, वहीं हम सभी के सामाजिक मेलजोल, आपसी प्रेम व भाईचारे की प्रबल भावना भी बढ़ाते हैं। 14 सालो से लगातार निफा परिवार बेटियो के नाम लोहड़ी कार्यक्रम मना रहा है जिसमे इस वर्ष जिन परिवारों की बेटियों की पहली लोहड़ी थी उनको प्रशंसा पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर रामनिवास धीमान,ब्राह्मण सभा अध्यक्ष ललित शर्मा, दीपक द्रविड़ महिला विंग से चंदा, सिंपी, रेनू, सुमन, आशा, रिया, किरण, शिवानी, मानसी रोहिल्ला, काजल गर्ग, आस्था, नैनिका निफा टीम घरौंडा से अभिमन्यु राणा, शुभम मित्तल, रवि धीमान, श्रीकांत धीमान उज्जवल गुप्ता, कुशल गोयल,नितिन चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### श्री श्याम ध्वज यात्रा मार्च में

**पानीपत।** इस बार श्री श्याम ध्वज वार्षिक यात्रा 17 मार्च को होगी यह घोषणा आज वृंदावन ट्रस्ट ने कर दी है। वृंदावन ट्रस्ट के संरक्षक विकास गोयल एवं अध्यक्ष राकेश बंसल ने जानकारी देते हुए कहा कि यह यात्रा एक संस्था की नहीं है बल्कि पानीपत के समस्त धार्मिक संस्थाओं की संयुक्त यात्रा है। आज यात्रा की तिथि घोषणा शंखनाद कार्यक्रम में भी पानीपत की अधिकतम संस्थाओं ने शिरकत की।

### सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया

**पानीपत।** सांसद संजय भाटिया ने हल्के के गांव नारायणा में भगवान परशुराम राम के नाम पर बनने वाले सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास किया। उल्लेखनीय है कि भगवान परशुराम राम सामुदायिक भवन बनाने के लिए गांव वासियों ने करीब 12 सौ गज भूमि ग्राम पंचायत को दे रखी है। जिसके निर्माण के लिए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय छौक्कर ने एक लाख तथा जनसेवक शशिकांत कौशिक ने सवा लाख रुपए का सहयोग दिया है। शिलान्यास समारोह में जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, ब्लाक समिति चेयरमैन अंकुश चौपड़ा, कृष्ण छौक्कर, सरपंच रामभतेरी, जिला पार्षद सुन्दर छौक्कर व सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### विश्वकर्मा मंदिर में यज्ञ किया

**पानीपत।** नूरवाला क्षेत्र की हरि सिंह कॉलोनी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। जिसमें मंदिर के पुजारी पंडित हेमंत शुक्ला ने यज्ञ करके सभी के लिए सुख समृद्धि खुशी की कामना की। श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए श्रद्धालुओं से अनुरोध किया की 22 जनवरी को श्री राम जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने के लिए प्रत्येक घर में दिया जलाएं।

### दुकान से 1.56 लाख रुपये चोरी

**पानीपत।** पानीपत की खन्ना रोड स्थित राजेश गर्ग निवासी न्यू अग्रसेन कालोनी की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने के बहाने आई एक महिला व दो युवकों ने 1.56 लाख रुपये कैश चोरी कर लिया। आरोपियों ने दुकानदार को अपनी बातों में उलझा लिया। इसी बीच दराज से कैश चुरा लिया। जिसकी दुकानदार राजेश को भनक तक नहीं लगने दी। वहीं राजेश की शिकायत पर थाना हुडा सेक्टर 29 पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई।

### गोभक्ताओं ने मकर सक्रांति पर दान दिया

**इसराना।** पानीपत के गांव शाहपुर में लार्ड शिवा गोशाला में मकर सक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं सांसद सांसद कृष्ण लाल पंवार गोशाला को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। जबकि समाज सेवी बलवान शर्मा ने एक लाख 51 हजार रुपये , सुरेंद्र सिंह धनगस बांध ने एक लाख 51 हजार रुपये नकद, राजरुप पानू, रमेश जैन, प्रेम कुंडू, अशोक उत्तम, महेर सिंह, कृष्ण, धर्मपाल, किताब सिंह, रामकुमार मोर, दिलबाग सिंह, सतबीर सिंह, प्रदीप मलिक, राजेश पहलवान, मास्टर रणधीर सिंह जागलान, सुनील शर्मा, मास्टर धनराज, महावीर शर्मा, रणबीर कुंडू, मास्टर माई चंद, रकम सिंह, राजपाल निठारी दिल्ली, सुरेंद्र थानेदार, सुनील टिण्डू , बलवान जागलान नरेश दिवाना आदि ने भी गोशाल को दानपुण्य किया।

### पानीपत में 22 को मनेगी दिवाली

**पानीपत।** दशहरा कमेटी सनौली रोड के अध्यक्ष रमेश माटा ने कहा कि दशहरा कमेटी की ओर से 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर धूमधाम से दिवाली मनाई जाएगी। कमेटी की ओर से झुग्गी-झोपडियों भी दिवाली मनाने के लिए दीप भेंट किये जायेंगे। वहीं 21 जनवरी को स्काईलार्क से गुरूद्वारा जोध सचियार तक विशाल श्री राम शोभायात्रा श्री सनातन धर्म संगठन के तत्वावधान में धूमधाम से निकाली जाएगी।

### कोल्हापुर से आए कलाकारों ने अपनी युद्ध कलाकारी का परिचय दिया

# युद्ध स्मारक काला अंब का 20 करोड़ रुपये से होगा जीर्णोद्धार

काला आंब पर सभागार, ओपन थिएटर, डिजिटल म्यूजियम, कैफेटेरिया बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। शौर्य दिवस में भाग लेने पहुंचे शहीद मराठाओं के वंशज। फोटो :हरिभूमि

करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने शौर्य दिवस पर काला आंब युद्ध स्मारक पर अपने संबोधन में कहा कि वीर मराठों ने देश की अखंडता के लिए हजारों किलोमीटर दूर आकर यहां लड़ाई लड़ी। हमें ऐसे इतिहास से सीख लेनी होगी और अपने वीरों का सम्मान करना होगा मराठों का यहां आना उन लोगों के लिए तमाचा था जो कहते थे कि यहां अलग-अलग रियासतें रही हैं और राज करती हैं। लेकिन मराठा इतनी दूर से यहां आए तो यह हम सबके लिए विवेचना का समय है कि तब पूरा भारतवर्ष एक था और सबके लिए राष्ट्र प्रेम सर्वप्रथम था। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए शौर्य स्मारक समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाटिल की भी खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि इन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए जो बीड़ा उठाया है, जो अलख जगाई है वह सब के लिए प्रेरक है। इंडियन ऑयल फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय मिश्रा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रिफाइनरी की ओर से यहां भव्य स्मारक बनाने के लिए 20 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें एक सभागार के साथ-साथ, एक ओपन थिएटर, डिजिटल म्यूजियम और एक कैफेटेरिया बनाया जाएगा ताकि हर रोज पर्यटक यहां आकर अपने इतिहास की जानकारी ले सकें। शौर्य स्मारक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने समिति की ओर से सभी का स्वागत किया और कहां की शौर्य स्मारक समिति हर साल अपने वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां कार्यक्रम आयोजित करती है। इधर, शौर्य दिवस पर कोल्हापुर से आए विभिन्न कलाकारों ने अपनी युद्ध कलाकारी का परिचय देते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पर्यावरण विशेषज्ञ पंजाव राव डग और बॉक्सर मनोज कुमार को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगराधीश राजेश कुमार सोनी, इंडियन ऑयल रिफाइनरी पानीपत के कार्यकारी निदेशक एमएल डाहरिया भी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने जनता का शोषण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू का स्वागत करते हुए राम नगर निवासीगण।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। ये शब्द युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने पानीपत ग्रामीण हलके के गांव राम नगर में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जनता से किए क भी वादे को पूरा नहीं किया, वहीं प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से जनता का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ सत्ता का भोग करती है जनता की सेवा नहीं करती। प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। जबकि प्रदेश सरकार इन गंभीर मुद्दों पर कुंभकर्णी नींद सो रही है। इस अवसर पर सुरेश भगत, संजय, पूर्व सरपंच रोहताश, वीरभान, सतपाल, राजेश, शेर सिंह, बिजेंद्र, रामपाल मैंबर, रवि, जयभगवान, भीरा, रामेश्वर, अशोक आदि लोग मौजूद रहे।

## मकर सक्रांति पर रावल हॉस्पिटल में 96 ने किया रक्तदान

*पानीपत। पानीपत के गांव सनौली खुर्द स्थित रावल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा नेता संजय छौक्कर ने किया। मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में रावल हॉस्पिटल सनौली खुर्द में रक्तदान शिविर का आयोजन हॉस्पिटल संचालक डॉ. राजेश रावल द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में पहुंचे भाजपा नेता संजय छौक्कर ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय समय पर होना चाहिए। रक्तदान महादान है, दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए। सायं तक चले रक्तदान शिविर में 96 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक डॉ राजेश रावल ने बताया कि हर किसी को कम से कम साल में एक बार तो रक्तदान जरूर करना चाहिए। ब्लड बैंक की टीम ने रक्त दाताओं की प्रशंसा की। रक्तदान शिविर में अजमेर सरपंच कुराड़, रविंद्र सरपंच रिसपुर, जस्सा कुराड़, करेशन रावल, सुगन प्रधान, सुशील रावल, निशांत रावल, राहुल रावल, विनोद कुमार, बालिंदर रावल, नफे सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।*



### केंद्रीय मंत्री ने समाज की उत्कृष्ट सेवा करने वालों को सम्मानित किया

पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नौ साल सार्थक होने के अवसर पर कॉलेज प्रांगण में बेटियों की लोहड़ी समारोह का भव्य और सफल आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि मीनाक्षी लेखी भारत की विदेश राज्य और संस्कृति मंत्री ने शिरकत की। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में संजय भाटिया सांसद करनाल लोकसभा उपस्थित रहे। अतिविशिष्ट उपस्थिति में सतनाम सिंह संधू संयोजक भारतीय अल्पसंख्यक संस्थान, हिमानी सूद संस्थापक एनआईडी और दीदी सुनीता ब्रह्मकुमारी पानीपत कार्यक्रम का हिस्सा बनी। मेहमानों का स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने किया। वहीं, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल, समाज सेवा, कल एवं अन्य क्षेत्रों में विलक्षण उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना भी रहा। मंत्री मीनाक्षी लेखी ने लोहड़ी की अग्नि को प्रज्वलित की।

# मकर सक्रांति पर निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटे

- प्रवीण जैन को पगड़ी पहनाकर पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन को सम्मानित करते हुए राजिंद्र जैन आदि।

समाज सेवा संगठन ने मकर सक्रांति पर्व पर निर्धनों को कंबल, शॉल, गर्म वस्त्र बांटे। वहीं, अखिल भारतीय जैन मिलन की ओर से चेयरमैन राजिंद्र जैन व उनकी टीम ने समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन को पगड़ी पहनाकर पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं जैन ने कहा हम बहुत ही भाग्य शाली है बाबा भोलेनाथ के आशीर्वाद से सभी के सहयोग से गर्म कपड़े वितरण अभियान के तहत हम जरूरत मंद को कुछ सहयोग कर सके। जैन ने सभी मेंबरों का सहयोगियों का और पगड़ी पहनाकर सम्मानित करने के लिए भारतीय जैन मिलन की टीम का धन्यवाद किया। इधर, प्रवीण जैन ने बताया कि मकर क्रांति पर दान का बहुत ही बड़ा महत्व आज के दिन दान देना अश्वमेघ यज्ञ के बराबर पुण्य लगता है। समाज सेवा संगठन द्वारा निर्धनों की जा रही सेवा की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रवीण जैन विनोद गोयल राजिंद्र जैन प्रमोद जैन अमित जैन विकास जैन अंकित माटा दीपक गोस्वामी अशोक मखीजा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गर्व का विषय है रामलला का राममंदिर में आगमन : विज



**पानीपत।** पानीपत शहरी विधानसभा से विधायक प्रमोद कुमार विज ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में हम सबके आराध्य प्रभु श्रीराम गर्भगृह में विराजमान होने जा रहे हैं, यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है, मैं सभी शहर वासियों से अपील करता हू कि इस पावन दिन मांस मदिरा का सेवन न करें और दीप जला कर भगवान राम का पूजन करें। विधायक विज ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पूर्वजों के द्वारा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए संघर्ष के परिणाम स्वरुप यह शुभ दिन देखेंगे जब रामलला अयोध्या में मंदिर में 500 सालों बाद विराजमान होंगे। यह दिन राष्ट्रीय गर्व का विषय है, इस दिन प्रत्येक नगर वासी प्रभु श्रीराम का पूजन अर्चन करेगा।

# शिविर में 110 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


आदर्श एक विश्वास के कैंप में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए अतिथिगण।

आदर्श एक विश्वास के द्वारा एक कच्चा कैंप स्थित शिवालय मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 110 रक्तदाता ने रक्तदान किया। इस रक्त दान शिविर में आदर्श एक विश्वास ने रक्तदाताओं को हैलमेट और एयरपॉड्स उपहार स्वरूप प्रदान किया। कैंप का शुभारम्भ पानीपत विधायक प्रमोद विज, डॉ. अंजलि बंसल ने किया। वशिष्ठ अथिथि लोकेश नांगरू, राजू ग्रोवर, मनोहर मुटनेजा, पवन कालडा, बिंटा ग्रोवर, सोनिया गाबा ने रक्तदान शिविर की प्रशंसा कर शुभकामनाएं। वहीं कैंप के आयोजन में चार्ली ग्रुप, गिफ्ट्स, केसरी न्यूट्रीशन, शिव बाबा की रसोई , लखदातार सेवा समिति , आरंभ फाउंडेशन ने अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर फिटनेस कोच ने प्रवीण नांदल, योगेश दाहिया ने भी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल, गौरव तागरा ने बताया की मकरसंक्रांति पर हर वर्ष हवन के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है इस अवसर पर आदर्श एक विश्वास से संदीप अरोड़ा, राकेश राजपूत, अजय दुबे, कशिश ढिंगरा, अशोक कनोजिया, अशोक आदि लोग मोजूद रहे।



## गांव धनीरामपुरा में खुला अटल सेवा केंद्र

पिहोवा। गांव धनीरामपुरा के युवा सरपंच विकल कुमार चौबे के सहयोग से गांव में अटल सेवा केंद्र खोला गया। अब गांव के लोगों को सारी सुविधाएं , सरकार की योजनाएं गांव में ही उपलब्ध करा दी जाएगी। इससे पहले गांव के लोग दूसरे गांव के अटल सेवा केंद्र में जाते थे जिससे उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब गांव वालों को इधर उधर भटकना नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री संदीप सिंह के सहयोग से पिहोवा का चारों तरफ विकास हो रहा है। जिसके हल्के की जनता में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को गांव में ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनका उद्देश्य है। इस मौके पर पंचायत सदस्य मनोज कुमार, दीपक कश्यप, सुनील कुमार, ताराचंद, रामचंद्र, जगमोहनशर्मा, प्रवीण वत्स, पुनीत मोदीगिल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### परशुराम मंदिर में लोहड़ी मनाई

**पानीपत।** परशुराम मंदिर में लोहड़ी मनाई गई और ढोल बजाकर नाच कर खुशियां मनाई गई। लोहड़ी के पर्व पर मंदिर के पुजारी अरुण पांडे द्वारा आए हुए भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया व आशीर्वाद देकर सबको बधाई दी। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान विजय शर्मा, फौजी नारायण दत्त शर्मा, रामलाल भाटिया, मोहन लाल शर्मा, बनारसी शर्मा, डॉ. बंसी लाल शर्मा, चौ. तेजपाल, पूर्ण दिवाकर, रविंद्र कश्यप, राजू प्रजापत, कुलदीप दिवाकर, अमन राठौर, बलदेव अरोड़ा हनुमान, गौरव राणा, जय कुमार जांगड़ा व अन्य सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

# गुर्जरों की अनदेखी न करें भाजपा : पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। गुर्जर सभा पानीपत के अध्यक्ष कर्ण सिंह पसीना संबोधन करते हुए।

हरियाणा प्रदेश में गुर्जर समाज की सरेआम अनदेखी की जा रही है। पिछड़ा वर्ग (बीसी-बी) में जो पहले गुर्जर समाज को आरक्षण मिलता था उसमें भी हरियाणा सरकार ने कटौती करने का काम किया है। इतना ही नहीं बल्कि देश प्रदेश के अंदर आज तक भाजपा सरकार ने किसी भी गुर्जर समाज के व्यक्ति को किसी विश्वविद्यालय का कुलपति तक नहीं बनाया है, आईएएस व आईपीएस रैंक से रिटायर अधिकारी को सरकार कोई ना कोई जिम्मेदारी देती है,लेकिन हरियाणा सरकार में डीजीपी पद से रिटायर डॉ.केपी सिंह की भी सरेआम सरकार ने अनदेखी कर साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार गुर्जर समाज की अनदेखी कर रही है। इस अवसर पर मुकेश बोस, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र जलमाना, गुर्जर सभा पंचकूला प्रधान महाबीर छौक्कर, गुरुग्राम प्रधान रामगोपाल तंवर, सोनीपत प्रधान बलजीत सिहं भडाना, करनाल प्रधान श्यामलाल चैची, कैथल से सुरेश तंवर, कुरुक्षेत्र गुर्जर धर्मशाला ओमप्रकाश आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि गुर्जरों की अनदेखी बंद नहीं की गई तो गुर्जर बिरादरी सशक्त फैसला लेगी।

# अग्रवाल सभा ने संक्राति पर निर्धनों को अन्न बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित मकर संक्राति कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

अग्रवाल सभा सेक्टर 13-17 द्वारा मकर संक्राति उत्सव जरूरतमंद परिवारों को अन्नदान तथा बुजुर्ग सदस्यों को सम्मान देकर मनाया गया। वहीं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का आयोजन अंसल स्थित जैन स्थानक में किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के संस्थापक एवं प्रधान दिनेश बंसल, मुख्य संरक्षक सत्य प्रकाश जैन, संरक्षक आत्म राम, श्रवण मित्तल, प्रेमचंद कंसल, वरिष्ठ उप प्रधान जयकुमार गोयल, उप प्रधान शैलेंद्र दीवान, प्रवीण कंसल, महासचिव संकेत मानसिंह गोयल, कोषाध्यक्ष तरुण मित्तल, ऑडिटर दिनेश जैन सीए, सचिव अरविंद गुप्ता, विशाल गुप्ता, अक्षय गर्ग, नरेश सिंगला, आदेश जैन, प्रचार सचिव लोकेश कंसल, कपिल सिंगला, साहिल मित्तल, मोहन जैन, दिनेश जैन, अनिल जैन, सतपाल गर्ग व प्रेस सचिव अजय जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक साथ भोजन किया।



## जितना मिला उसका कुछ अंश समाज को जरूर लौटाएं

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि हमारा ये फर्ज है कि हमें जितना मिला है उसका कुछ अंश इस समाज को जरूर लौटाएं, उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की सहायता ही पुण्य का कार्य है। शीतलहर और सर्द हवाओं से कड़कती ठंड की वजह से सड़क किनारे सोने वाले लोग खुद को इससे बचाते हुए नजर आए। ऐसे में एडवोकेट अंकित गुप्ता व समाजसेवी सुभाष गुप्ता ठंड में राहत के साथ उनके बीच मौजूद पहुंचे। अंकित गुप्ता ने आज ब्रह्म सरोवर व सड़कों के किनारे लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया । ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को जब अचानक कंबल मिला तो ये लोग कंबल पाकर खुश हो गये और लाभार्थी ने शीतलहर में उनका हाल चाल देखने आए और कंबल देकर मदद करने पर गुप्ता परिवार का धन्यवाद करते हुए भावुक हो गए।

## मकर सक्रांत पर सूर्य देव उत्तर दिशा की ओर बढ़ना शुरू कर देते हैं

# आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पर अन्न बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीप



पानीपत। आईबी कॉलेज के टीचर्स आदि राशन के पैकेट को दिखाते हुए।

आईबी महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब, रोड सेफ्टी क्लब,एनसीसी, एनएसएस इकाई द्वारा मनाये जा रहे 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आज स्टाफ मेंबर्स ने मकर सक्रांति के त्यौहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एलएन मिगलानी महासचिव गवर्निंग बॉडी, मैनेजमेंट मेंबर रमेश नागपाल, रवि गोसाई, युधिष्ठिर मिगलानी एवं प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने किया। डॉ.गर्ग ने बताया की संस्कारशाला क्लब, एनसीसी, एनएसएस और रोड सेफ्टी क्लब एवं सभी स्टाफ के सदस्यों ने जरूरतमंदों के लिए दाल और चावल के 1 किलो 500 ग्राम के 100 पैकेट बनाए हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन से सूर्य देव उत्तर दिशा की ओर बढ़ना शुरू कर देते हैं इसलिए कहीं कहीं मकर सक्रांति को उत्तरायण भी कहते हैं। संस्कार शाला के संयोजक प्रो.अश्वनी गुप्ता ने बताया की दाल चावल के बनाए गए पैकेट असंध पुल के नीचे बैठे हुए जरूरतमंदों को वितरित किए गए और साथ ही साथ बस स्टैंड के पास बने हुए रोटी बैंक को भी दिए गए। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. जोगेश, एनसीसी प्रभारी डॉ. राजेश, रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक प्रो.पवन कुमार, डॉ.रामेश्वर दास, डॉ.निधान सिंह, प्रो.अजय पाल, डॉ. सुनीता,प्रो. विनय भारती, प्रो. अंजली गुप्ता, राम मेहर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप


नारायणगढ़। प्रवचन देती साध्वियां व सत्संग में मौजूद महिलाएं व अन्य।

### गुरु भक्ति से मानव हो जाता है परम पावन

**नारायणगढ़।** रविवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। गुरुदेव सर्वश्री आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी रेवा भारती और साध्वी अनीता भारती ने गुरु भक्ति की महिमा को समझाया। उन्होंने कहा कि जिस हृदय में गुरु भक्ति प्रकट हो जाती है वह परम पावन हो जाता है,उसे ज्ञान के मार्ग पर चलते हुए गुरुदेव की आज्ञाओं पर भी चलना पड़ता है।

### उगाड़ा में 349 ग्रामीणों की सेहत जांची

**अंबाला।** पंडित केदारनाथ शर्मा चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को कम्युनिटी सेंटर गांव उगाड़ा में लगाया गया। कैंप में ब्लड शुगर, यूरिक एसिड लिपिड प्रोफाइल, एचबी समेत कई टेस्ट निशुल्क किए गए। साथ ही परिवार आयुष्मान कार्ड, पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए।

### फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज जमानत हेतू फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में आरोपी दिलशाद को गिरफ्तार किया है। अब उसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। न्यायालय प्रवाचक ने 21 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 नवंबर 2023 को आरोपी मनोज कुमार व अन्य ने जमानत हेतू फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने का अपराधिक कार्य किया है।

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा मे दर्ज अवैध नशामुक्ति केंद्र चलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी शिव उर्फ विक्की व हरविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। सीएमओ डॉ. राजेंद्र राय ने 12 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी शिव,हरविंद्र व अन्य गांव गरनाला में गोल्डन-वे के नाम पर अवैध नशामुक्ति केन्द्र चलाते हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को काबू किया है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर अम्बाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 10 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मई 2022 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर ,जातिसूचक शब्द बोलने व जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## गृह मंत्री ने किया आह्वान, राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा होने तक लोग धार्मिक स्थानों में करें सफाई

# 'श्रीराम यात्रा' से राममय हुई छावनी की धरा

# फूलों की वर्षा से हर जगह भव्य स्वागत

जय श्रीराम के जयघोष के साथ विज ने हाथ में भगवा ध्वज लहरा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** श्रीराम यात्रा की अगुवाई करते गृहमंत्री अनिल विज।

अयोध्या श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को अंबाला छावनी में भव्य श्रीराम यात्रा का आयोजन हुआ। इसकी अगुवाई गृहमंत्री अनिल विज ने की। इसकी वजह से समूची अंबाला छावनी राममय हो गई। जय श्रीराम के जयघोष के साथ विज ने हाथ में भगवा ध्वज लहरा रहे थे। फूलों की बरखा से हर बाजार व चौक-चौराहों पर श्रीराम यात्रा का स्वागत हुआ।

सुभाष पार्क के समक्ष से यात्रा प्रारंभ हुई जोकि छावनी के अलग-अलग बाजारों से होती हुई दोपहर वापस सुभाष पार्क के समक्ष संपन्न हुई। बाजारों में लोगों ने घरों की छतों से राम यात्रा पर फूलों से वर्षा की तो किसी ने हाथ जोड़ यात्रा को नमन करते हुए राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अपनी आस्था व्यक्त की। बाजार में आतिशबाजी, फूलों की बरखा से यात्रा का स्वागत हुआ। सुभाष पार्क से प्रारंभ यात्रा आउटर लार्ज रोड, लक्ष्मण हलवाई से पुल चमेली, कबाड़ी बाजार से निकलसन रोड, फिर हलवाई बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, डीसी रोड, सदर बाजार चौक, निकलसन रोड, क्रास रोड नंबर एक पंजाब मोहल्ले से वापस सुभाष पार्क पर संपन्न हुई। हर बाजार की एसोसिएशन, दुकानदारों व स्थानीय निवासियों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में भक्ति गीत "श्रीराम आएंगे, राम आएंगे" व अन्य गीतों पर भक्त-झूमते, नाचते आगे उत्साह के साथ बढ़ रहे थे। विज ने यात्रा से पहले आह्वान करते कहा कि आयोध्या में राममंदिर में श्रीराम जी की प्रतिमा के 22 को प्राण-प्रतिष्ठा होने तक 'लोग अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों, शिवालयों व गुरूद्वारों की सुबह-सायं साफ-सफाई करें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, आने वाली 22 को आयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होने तक किसी भी प्रकार का मांस-मदिरा इत्यादि का सेवन न करें। सात्विक भोजन ही करें क्योंकि सात्विक भोजन करने से सात्विक माहौल बनता है और अच्छे विचार आते हैं। उन्होंने रामभक्तों से आग्रह करते हुए कहा कि रामभक्त 22 तक किसी भी प्रकार से मांस-मदिरा को हाथ नहीं लगाएंगें। उन्होंने कहा कि यह भी एक प्रकार का अनुष्ठान है ताकि एक सात्विक माहौल बनें क्योंकि 500 सालों के बाद हमारे जीवन में यह अवसर आ रहा है। उन्होंने कहा कि हर जगह श्रीराम की चर्चा हो रही है। आयोध्या में राम जन्मभूमि को मुक्त कराने के लिए अनेकों लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। 22 को पूरे देश की मनोकामना पूरी होने जा रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर तैयारियां की जा रही है और यहां पर भी की जा रही है।

यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी और 500 सालों के बाद श्रीराम वापिस आ रहे हैं। लोगों में बहुत ही खुशी है और बाकी सब स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्रीराम यात्रा के दौरान गृह मंत्री अनिल विज एक खुली जीप में श्रीराम जी का ध्वज लेकर लगातार लहरा रहे थे जिस पर श्रीराम जी की कटआउट गृह मंत्री की खुली जीप में लगाए गए थे और साथ में सैकडों चल रहे रामभक्त जय श्रीराम जी के नारे लगा रहे थे।

यात्रा जहां-जहां से गुजरी वहां पर रामभक्तों ने राममय माहौल देखने को मिल रहा था। श्रीराम यात्रा के दौरान रामभक्त चाहे उनके पुरूष हो, महिला हो या बच्चें हो ढोल-नगाडों पर जय श्रीराम के नारों के बीच लगातार थिरकते रहें। श्रीराम यात्रा के दौरान जगह-जगह शंखनाद किया गया। यात्रा के दौरान पटाखें और कागज की फुलझडियां छोडी जा रही थी और रामभक्तों के हाथों में श्रीराम के ध्वज थे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, ललित चौधरी, जसबीर जस्सी, ओम सहगल, कपिल विज, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, नरेंद्र राणा, राम बाबू यादव, अजय बवेजा, रवि सहगल, ललता प्रसाद के अलावा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**बराड़ा।** महाराणा प्रताप चौक पर लंगर बांटते सेवादार।

## गुरू पर्व के उपलक्ष्य में निकाला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

सिख धर्म के दसवें गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहिब की प्रबंधक कमेटी तथा क्षेत्र की साध संगत के सहयोग से एक विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस विशाल नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध रागी डाढी जत्थों व क्षेत्र की संगत ने अपने-अपने गांव के जत्थों सहित हिस्सा लिया। पांच प्यारों की अगुवाई तथा श्री गुरू ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में निकाले गए इस नगर कीर्तन में श्री हरगोबिन्द साहिब गतका अखाड़ा मंडी गोबिंदगढ़ ने जहां अपने जौहर दिखायें वहीं गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब सिंहपुरा, गुरुद्वारा कलगीधर प्रीत नगर, गुरुद्वारा हरगोबिंदपुरा कालोनी, गुरुद्वारा सिंह सभा बसंतपुरा की संगत ने अपने-अपने जत्थों सहित हिस्सा लेकर नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई। नगर कीर्तन बसंतपुरा फाटक से आरंभ होकर रेलवे स्टेशन, महाराणा प्रताप चौक, बराडा गांव, महाराजा रणजीत सिंह चौक, मॉडर्न सीनियर सैकेंडरी स्कूल तथा मुख्य बाजार से होता हुआ गुरुद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ। रास्ते में लोगों ने पालकी में सजे श्री गुरू ग्रंथ साहिब पर फूलों की वर्षा की तथा पीछे-पीछे संगत गुरबाणी का गायन कर रही थी। नगर कीर्तन के उपलक्ष्य में लोगों ने जगह-जगह पर सजावटी गेट बनाए गए थे। इस विशाल नगर कीर्तन में जहां सभी जाति धर्मों के हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया वहीं श्रद्धालुओं ने संगत के लिए जगह-जगह लंगर की विशेष व्यवस्था कर रखी थी।

### बुधवार को होगा कीर्तन दरबार

17 जनवरी को गुरूद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहिब में आरंभ किए गए श्री अखंड पाठ साहिब के 17 जनवरी को भोग के उपरान्त 9 बजे से 2 बजे तक विशाल कीर्तन दरबार सजाया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भाई बलदेव सिंह वडाला, भाई मनजीत सिंह, भाई अमरजीत सिंह आदि रागी-जत्थे कीर्तन के माध्यम से संगतों को निहाल करेंगे।

## मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है, पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए, समर्पितः निर्मल सिंह


**अंबाला।** पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह।

**अंबाला।** कड़ाके की सर्दी के बावजूद रविवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जैन व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा का कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के उत्साह और जोश को देखकर गदगद निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं व नेताओ का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है। मेरा पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित है। हमारे सभी साथी उल्टी हवाओं के खिलाफ चले, कष्ट भी सहे लेकिन कभी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा की आज प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया गया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आएगा। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कहा कि पूरे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में बदलाव की हवा चल रही है और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। हम जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हर बुजुर्ग को 6000 महीना पेंशन देंगे। हमारी सरकार आने पर गृहणियों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देंगे। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करेंगे। 100-100 गज मुफ्त प्लॉट योजना को फिर से लागू करेंगे और गरीबों को 2 कमरे का मकान बनाकर देना हरियाणा की कांग्रेस सरकार का लक्ष्य होगा।

## सैलजा की पुरजोर अगुवाई के लिए कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया हौसला, कहा खड़गे-राहुल का संदेश जन जन तक पहुंचाना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते एडवोकेट रोहित जैन।

पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा की अगुवाई में हिसार से 17 फरवरी को शुरू होने वाले कांग्रेस सदेश यात्रा को लेकर पार्टी नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं ने भी कमर कस ली है। अंबाला शहर में यात्रा को कामयाब बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन के ऑफिस पर कार्यकर्ताओं की अहम मीटिंग हुई। यात्रा की कामयाबी को लेकर रोडमैप तैयार किया गया। इस बैठक में सेंकडों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और यात्रा को अम्बाला में सफल बनाने के लिए अनेक सुझाव दिए! साथ ही हर कार्यकर्ता को राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का संदेश घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। पूरे उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर पार्टी को एक बार फिर मजबूत करने का संकल्प भी लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि 17 जनवरी को हिसार से शुरू होने वाले कांग्रेस संदेश यात्रा की अगुवाई पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा करेंगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला व किरण चौधरी भी यात्रा में कुमारी सैलजा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की दस लोकसभा सभी 90 विधानसभा सीटों को यह यात्रा कवर कर कांग्रेस का संदेश हर कार्यकर्ता तक पहुंचाएंगी।

### यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा

14 फरवरी को यात्रा मुलाना विधानसभा से शुरू होकर अंबाला कैंट बाजार से होते हुए अंबाला शहर पहुंचेगी व हर मानव चौक से होते हुए नन्यौला जाएगी। यहां पहुंचने पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा की अगुवाई के लिए हर कार्यकर्ता को पुरजोर मेहनत करनी होगी। तभी बेहतर रिजल्ट हमारे सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि अगर हम यात्रा के साथ ही पार्टी का संदेश हर घर तक पहुंचाने में कामयाब हो गए तो 2024 में देश को तोड़ने वाली ताकतों की हमेशा के लिए विदाई हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया कि हर कार्यकर्ता को मजबूती के साथ पार्टी को फिर से खड़ा करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को जातीय व धर्म के रंग में रंगकर अपना हित साधने का प्रयास कर रही है। देश का बुनियादी ढांचे को कमजोर किया जा रहा है। पर हमें इस ढांचे को बचाकर फिर खोखले हो रहे देश को बचाना होगा! जैन ने राज्य सरकार पर भी इस दौरान बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि सरकार के अफसर व नेता अंबाला शहर के नागरिकों की जेब पर डाका डालकर अपनी तिजौरियां भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर में सफाई के नाम पर सालाना लगभग 50 करोड रुपया खर्च किया जाता है लेकिन फिर भी शहर में सफाई का बुरा हाल है। जैन ने कहा कि अगर इस बार इस भाजपा-जजपा सरकार की प्रदेश से विदाई नहीं की तो ये हर नागरिक को कंगाल कर देगी। जबकि इसके अपने नुमाइंदे मालामाल हो जाएंगे।

## रामभक्त बन हाथों में लहराया भगवा ध्वज, हनुमान चालीसा में जुटी भीड़

- विश्व हिंदू परिषद की ओर से श्रीरामंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यात्रा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** श्री हनुमान चालीसा यात्रा में शामिल लोगों के साथ विधायक असीम गोयल।

अंबाला शहर में विश्व हिंदू परिषद की ओर से रविवार को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में श्री राम लला की होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री हनुमान चालीसा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें शहर विधायक असीम गोयल के साथ साथ भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। सभी लोगों ने रामभक्त बन हाथों में भगवा ध्वज लिए यात्रा में शामिल हुए। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए विभिन्न बाजारों से होते हुए श्री राम मंदिर जीटी रोड पर संपन्न हुई। बाजारों में जगह जगह पर लोगो ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में पुरुषों के साथ साथ हजारों की संख्या में महिलाओं व बच्चों की भागीदारी भी रही। यात्रा के दौरान लोगो में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक असीम गोयल ने कहा कि रामभक्तों ने श्री हनुमान चालीसा यात्रा को शहर की ऐतिहासिक यात्रा में बदल दिया है। सभी रामभक्तों ने शहर को भगवामय कर दिया है।

### राम मंदिर पास के नाम पर हो रही ठगी

**अंबाला।** साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। ऐसे में साइबर अपराधी साइबर ठगी का अंजाम देने के लिए राम मंदिर का उद्घाटन का नाम लेकर साइबर ठगी को अंजाम देने की ताक में है। पुलिस द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। साइबर अपराधियों द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जो एक तरह का वायरस है।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

- आयुष्मान कार्ड के साथ परिवार पहचान पत्र भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़


**अंबाला।** पं. विनोद शर्मा से गांव की सिंह सभा के लोगों से बातचीत करते हुए।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन रविवार को मकर संक्रांति के पार्वन पर्व पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में बडे ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार व गौरव अग्रवाल ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वति के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की परंपरानुसार सभी आगंतुकों का टोपी पहनाकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। सर्ववप्रथम सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गति प्रदान कर स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरियाणवीं नृत्य ने हरियाणी संस्कृति की याद दिलाई। समारोह में हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राएं ने अपनी-अपनी अनेक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा हरियाणवीं ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटौरी। भक्त संगीत में शिव तांडव, मेरे घर राम आए तथा श्रीराम अयोध्या ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। इसके अतिरिक्त रंगीलो म्हारो डोलना, मैं फिल्म चंद्रावल देखूंगी, आरंभ है प्रचंड है तथा रुण झूण समारोह में आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

### ऑनलाइन लिंक से मिले शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति

**बराड़ा।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्राध्यापकों के लिए पूर्व में घोषणा किए और जारी किए पत्र के अनुसार इस लिंक को चालू करने उच्चतर शिक्षा विभाग की तरह विभिन्न तरह की सेवाओं जैसे विदेश जाने की अनुमति उच्च शिक्षा के लिए ली जाने वाली अनुमति को भी ऑनलाइन लिंक के द्वारा ही शुरू करने की मांग की है। इसी तरह सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ शिक्षक वर्ग के सभी साथियों को चिकित्सा अवकाश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षक वर्ग को ही चिकित्सा अवकाश से वंचित रखा गया है जबकि चिकित्सा अवकाश की सुविधा अन्य सभी विभाग के कर्मचारियों को दी जा रही हैं। शिक्षकों की गर्मी की छुट्टियां होती हैं इसलिए यह बहाना बनाकर उनको चिकित्सा अवकाश नहीं दिए जा रहे जबकि बीमारियां कभी छुट्टियां देखकर नहीं आती है और अध्यापक वर्ग छुट्टियों के दौरान भी चुनाव संबंधी परिवार पहचान संबंधी व अन्य कार्य करने के लिए हमेशा अपने कार्यालय में रहते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## 22 तक देश के सभी मंदिरों व पूजा घरों में की जाएगी सफाईः नायब सिंह सैनी

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर शुरू किया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना


**मुलाना।** मंदिर परिसर में झाड़ू लगाते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व अन्य।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को सिरसगढ़ स्थित गुरु रविदास चेरिटेबल ट्रस्ट एवं आश्रम में माथा टेका। उन्होंने मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी संत मनदीप दास सिंह के साथ समाज के लोगों के ससाथ पंच सरपंच व अन्य लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष को सम्मान की प्रतिक पगड़ी पहनाकर व शाल भेंटकर उनका अभिनंदन किया। सैनी ने इस मौके पर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 22 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों एवं अन्य पूजा घरों में स्वस्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां स्थित संत रविदास मंदिर डेरा आश्रम सिरसगढ़ से इसकी शुरूआत की गई है। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा, भाजपा उपाध्यक्ष बंतो कटारिया व संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई भी की। सैनी ने इस मौके पर यह भी बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम विराजमान होने जा रहें हैं। इसके लिए देश के सभी मंदिरों में व अन्य पूजा घरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं को भी को जिम्मेवारी भी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों का सपना साकार हो रहा है और 22 जनवरी को बड़े जोश व उत्साह के साथ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हो रहा है जिसको लेकर सभी उत्साह व खुशी का माहौल हैं। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन प्रोचा व प्रधान शैलेंद्र झाड़ू माजरा तथा सोनिया प्रोचा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा ने उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उन्होनें बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रत्येक भारतवासी में उत्साह। उमंग व खुशी का वातावरण हैं। इस पल को लेकर सभी में खुशी का माहौल हैं। भगवान वाल्मिकी शिक्षा प्रचार समिति ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश की तरह प्रदेश में भी 22 जनवरी को अवकाश घोषित किया जाए ताकि सभी लोग अपने परिवार सहित घरों में बैठकर अयोध्या धाम से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख सकें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबाला मनदीप राणा, नपा की पूर्व चेयरपर्सन ऋचा पाहवा, हन्नी पाहवा, रामपाल पाली ,अनुसूचित जाति सरपंच संघ के प्रधान रामकरण, उप प्रधान बलविंदर सिंह, महासचिव रिंकू मचल व प्रवीण कुमार, रामनाथ, सतीश कुमार, गौरव कुमार, सोहनलाल, नीरज कुमार, जसमेर राणा तथा भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।